नाबार्ड-विमको योजना के अन्तर्गत वृक्षारोपण

@4367. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नाबार्ड-विमको योजना के अन्तर्गत किन-किन प्रदेशों में कितने-कितने वृक्ष लगाये गए हैं;

(ख) सलाह देने के लिए कम्पनी को प्रति वृक्ष कितनी फीस दी जाती है और यह फीस कहां से दी जाती है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत उगाये जा रहे वृक्षों की संख्या कितनी है; और

(घ) व्यवस्था में सुधार और दोषी व्यक्तियों को सजा देने के लिए क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (परती भूमि विकास विभाग) में राज्य मंत्री (कर्नल राम सिंह) : (क) "विमको" द्वारा भेजी गई सूचना के आधार पर वर्ष 1984 से लेकर 1993 तक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)-विमको योजना के तहत प्रत्येक राज्य में लगाये गये वृक्षों की संख्या विवरण-I में दी गई है **(नीचे देखिये)** ।

(ख) "विमको" को इस परियोजना के अंतर्गत कोई परामर्श शुल्क नहीं दिया जाता है । तथापि, "विमको" को उस के द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई गई विस्तार सेवाओं के लिए प्रति पौधे के लिए निम्नलिखित शुल्क दिया गया जिसका भुगतान वाणिज्यिक बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋणों से किया गया था जिसकी पुनर्वित्त व्यवस्था राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा की गई :—।

(धनराशि रुपये में)

परियोजना चरण	हरियाणा	पंजाब	उत्तर प्रदेश
चरण-1 (1984 से 1987)	39	42	36
चरण-2 (1988 से 1991)	35	35	35
चरण-3 (1992 से 1993)	30	30	30

(ग) "विमको" द्वारा भेजी गई सूचना के आधार पर इस योजना के अंतर्गत उगाये गये वृक्षों की संख्या विवरण-ii में दर्शायी गई है **(नीचे देखिये)** ।

(घ) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) "विमको" द्वारा पेश किए गए परियोजना के चरण-4 पर विचार करते समय नाबार्ड द्वारा "विमको" के लिए अनुमोदित परियोजना के प्रथम तीन चरणों के कार्यान्वयन में पाई गई/सूचित की गई कमियों पर सावधानीपूर्वक विचार करेगा ।

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 2757, 18 अगस्त, 1993 से स्थानान्तरित ।

विवरण-I

वर्ष	लगाये गये वृक्षों की संख्या (लाख में)		
	हरियाणा	पंजाब	उत्तर प्रदेश
1984	0.486	0.510	1.899
1985	0.834	0.790	2.505
1986	1.310	2.292	3.846
1987	2.503	2.900	5.051
1988	5.114	5.052	12.856
1989	3.560	5.291	12.512
1990	3.062	4.855	14.390
1991	1.618	4.900	14.794
1992	1.001	2.304	16.614
1993	1.792	3.247	14.060
योग :	21.280	32.141	94.123

स्रोत : विमको लिमिटेड, नई दिल्ली ।

विवरण-II

वर्ष	उगाये गये वृक्षों की संख्या (लाख में)		
	हरियाणा	पंजाब	उत्तर प्रदेश
1986	0.016	0.010	0.053
1987	0.328	0.280	0.651
1988	1.001	1.273	3.880
1989	0.656	1.428	5.581
1990	0.599	1.800	7.026
1991	0.258	2.230	9.485
1992	0.423	0.996	9.724
योग :	3.281	8.017	36.400

स्रोत : विमको लिमिटेड, नई दिल्ली ।

Employment Scheme for Youths in Tribal Areas of Gujarat

4368. **SHRI RAMSINH RATHWA** : Will the **PRIME MINISTER** be pleased to state :

(a) whether any scheme regarding creation of employment opportunities for youths in the